C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 02 | अंक - 33 | बिजौलिया - शनिवार,12 सितम्बर,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

## जमीन विवाद में युवक का अपहरण 4 महिलाओं समेत 6 गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ उदयपुर**

जमीन विवाद को लेकर युवक के अपहरण के मामले में जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) और सुखेर थाना पुलिस ने 4 महिलाओं समेत 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सुखेर थानाधिकारी अमर सिंह के अनुसार बेदला निवासी कमलेश गुरुवार सुबह बेटी को स्कूल छोड़ने जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में आरोपियों ने कार से उनकी स्कूटी को टक्कर मारकर उन्हें जबरन अपने साथ ले गए।

पुलिस के अनुसार कमलेश को गुडली की ओर जंगल में ले जाया गया।

## अवैध डोडाचूरा रखने के मामले में 7 साल की सजा

**भीलवाड़ा फोकस @ बेगूं।**

बेगूं एडीजे एनडीपीएस कोर्ट ने अवैध डोडाचूरा रखने के करीब 8 साल पुराने मामले में खरड़ी निवासी ऊंकार लाल पुत्र डालू धाकड़ को दोषी मानते हुए 7 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी पर 70 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना नहीं भरने पर एक साल का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अपर लोक अभियोजक कैलाश चंद्र धाकड़ ने बताया कि मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से 18 साक्ष्य और 44 दस्तावेज पेश किए गए। अदालत ने उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को दोषी ठहराया।

## नगर निकाय चुनाव 2026 : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने परिवार सहित किया मतदान,कांग्रेस पर साधा निशाना

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**



मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने अपने परिवार के साथ 2026 नगर निगम चुनाव के लिए वोट डाला। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा, सबसे पहले तो मैं राजस्थान की जनता को आह्वान करूंगा कि ये लोकतंत्र का पर्व है और इस लोकतंत्र के पर्व में हमारे एक-एक वोट का बहुत महत्व है। मैं सभी भाई बहनों से कहना चाहता हूं कि आप मतदान करें और अपने निकायों को पूर्ण रूप से चुनें जिससे हमारा विकास हो सके। '

उन्होंने आगे कहा, '...कांग्रेस के राज में लगातार 2 साल तक नगर निकाय के चुनाव होते रहे, लगातार पंचायत चुनाव होते रहे। जब हम सरकार में आए थे तो हमने कहा था कि हम इस पद्धति को समाप्त करेंगे क्योंकि राजस्थान में हर तीन महीने में आचार-संहिता लगती थी और विकास अवरुद्ध होता था। कांग्रेस के लोगों को विकास से कुछ लेना-देना नहीं था... राजस्थान की जनता लगातार इन चुनावों के चक्कर काटती रही। हमने कहा कि हम 'वन स्टेट-वन इलेक्शन' राजस्थान में लाएंगे। कांग्रेस ने उसमें भी कई रोड़े अटकाने की कोशिश की... क्योंकि ये राजस्थान की जनता का हित था, ये राजस्थान के जनता की समय-पैसों की जो बर्बादी थी, उसे रोकने का प्रयास था, राजस्थान स्थायी विकास करे इसलिए हमने ये कहा कि हम 'वन स्टेट-वन इलेक्शन' करवाएंगे।

## कार से 173.750 किलो अवैध अफीम डोडा चूरा जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ चित्तौड़गढ़।**

भदेसर थाना पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए नाकाबंदी के दौरान एक संदिग्ध टाटा हैरियर कार से 10 प्लास्टिक के कट्टों में छिपाकर ले जाया जा रहा कुल 173.750 किलोग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा बरामद कर जब्त किया। पुलिस ने मौके से कार चालक सहित उसके साथी को गिरफ्तार कर तस्करी में प्रयुक्त टाटा हैरियर कार को भी जब्त किया है। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि महानिरीक्षक पुलिस उदयपुर ,रेंज उदयपुर श्री गौरव श्रीवास्तव द्वारा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह जोधा के निर्देशानुसार व पुलिस उप-अधीक्षक भदेसर विनोद कुमार के पर्यवेक्षण मे थानाधिकारी भदेसर विनोद मेनारिया के नेतृत्व मे मय जाब्ता हैडकानि डालचन्द,कानि. प्रकाश,अरविन्द,नरेन्द्र, धर्मेन्द्र,चालक भैरूलाल के शुक्रवार को सर्कल गस्त व नाकाबन्दी के दौरान एक संदिग्ध टाटा हैरियर कार का पीछा कर कार चालक मुकेश कुमार जाट पिता शान्तिलाल जाट उम्र 42 साल निवासी गुड्डाखेड़ा थाना सदर निम्बाहेड़ा जिला चितौड़गढ़ एवं चालक के साथी पवन सेन पिता लालचन्द सेन उम्र 24 साल निवासी गुड्डाखेड़ा थाना सदर निम्बाहेड़ा जिला चितौड़गढ़ को डिटेन किया गया।

## जयपुर में पत्नी और तीन बेटियों की हत्या, आरोपी पति फरार



**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर**

करधनी इलाके में गुरुवार देर रात एक ही परिवार की चार महिलाओं की हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार राहुल झा (45) ने अपनी पत्नी गीता झा (40) और तीन बेटियों नंदनी (22), राधिका (17) व गिरीश उर्फ गौरी (14) की हत्या कर दी। चारों के शव घर के अलग-अलग कमरों में मिले। पुलिस को हत्या में इस्तेमाल किया गया पत्थर भी मिला है।

डीसीपी वेस्ट प्रशांत किरण के अनुसार सुबह करीब 10 बजे पुलिस को घटना की सूचना मिली। गीता का शव पहली मंजिल के कमरे में, जबकि तीनों बेटियों के शव भूतल के दो कमरों में मिले। प्रारंभिक जांच में आशंका है कि वारदात रात में सोते समय की गई।

पुलिस के मुताबिक आरोपी ने सुबह करीब 7 बजे दूध लिया और अपने 85 वर्षीय पिता लक्ष्मीनाथ झा को चाय बनाकर पिलाई। इसके बाद वह घर से फरार हो गया। उसका मोबाइल घर में ही बंद मिला। पिता ने नीचे कमरे में खून देखकर पड़ोसियों को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। गीता घर की पहली मंजिल पर ब्यूटी पार्लर चलाती थीं। नंदनी पढ़ाई के साथ निजी नौकरी करती थी, जबकि राधिका 12वीं और गिरीश उर्फ गौरी आठवीं कक्षा में पढ़ रही थी। पड़ोसियों के अनुसार राहुल शेयर कारोबार करता था और तीन दिन पहले ही गुजरात से लौटा था। एक पड़ोसी महिला ने बताया कि उसने तीन दिन पहले राहुल को 50 हजार रुपए उधार मांगे थे, जिसमें उसने 25 हजार रुपए दिए थे। पुलिस आरोपी की तलाश और हत्या के कारणों की जांच कर रही है।

# बिजौलिया में 84.68 प्रतिशत मतदान, 106 प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटियों में बंद

**नगर पालिका बनने के बाद पहली बार हुए चुनाव में दिखा जबरदस्त उत्साह, मतदान खत्म होते ही भाजपा-कांग्रेस ने की बाड़ेबंदी; प्रत्याशियों को बाहर ले जाया गया**



मतदान के बाद युवाओं ने खुशी जाहिर की



मतदान के लिए अपनी बारी का इंतजार करते मतदाता



पोलिंग बूथ पर महिलाओं की लगी भीड़

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

ग्राम पंचायत से नगर पालिका में क्रमोन्नत होने के बाद नगर में पहली बार आयोजित नगर पालिका चुनाव शुक्रवार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गए। सुबह 7 बजे शुरू हुआ मतदान शाम 6 बजे तक चला। सुबह से ही शहर के 25 मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की कतारें लग गईं। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने उत्साह के साथ मतदान किया। शाम 6 बजे तक 84.68 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। नगर पालिका क्षेत्र के कुल 13,153 मतदाताओं में से बड़ी संख्या में मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान समाप्त होते ही 25 वार्डों से चुनाव मैदान में उतरे 106 प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटियों में बंद हो गया।

### सुबह से मतदान केंद्रों पर रही भीड़

मतदान शुरू होने के साथ ही विभिन्न मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की भीड़ नजर आई। सुबह से दोपहर तक मतदान की रफ्तार तेज रही, जबकि दोपहर बाद इसमें कुछ कमी आई। वार्ड नंबर 9 और 10 में महिलाओं एवं युवाओं की अच्छी भागीदारी देखने को मिली। वार्ड नंबर 14 में 85 वर्षीय शांति बाई सेन ने मतदान किया, जबकि वार्ड नंबर 11 में नेत्रहीन बंशी लाल ने भी मतदान कर लोकतंत्र के पर्व में अपनी भागीदारी निभाई। कई बुजुर्ग मतदाताओं को परिजन व्हीलचेयर की सहायता से मतदान केंद्र तक लेकर पहुंचे।

### प्रत्याशियों ने की मतदान की अपील

मतदान के दौरान भाजपा, कांग्रेस सहित निर्दलीय प्रत्याशी और उनके समर्थक अपने-अपने पक्ष में मतदान की अपील करते नजर आए। मतदान केंद्रों के आसपास दिनभर चुनावी गतिविधियां बनी रहीं। मतदान समाप्त होने के साथ ही प्रत्याशियों और समर्थकों में जीत-हार को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया। अलग-अलग वार्डों में प्रत्याशियों की स्थिति को लेकर मतदाता और समर्थक अपने-अपने अनुमान लगाते नजर आए।



व्हील चेयर पर पहुंचे बुजुर्ग

### पुलिस-प्रशासन रहा मुस्तैद

नगर पालिका चुनाव को लेकर पुलिस और प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मतदान केंद्रों पर पुलिस जवानों के साथ एनसीसी कैडेट्स ने भी व्यवस्थाओं में सहयोग किया। प्रशासनिक अधिकारी लगातार मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। पूरे मतदान के दौरान कहीं से भी किसी बड़ी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली और चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुए।



मतदान केंद्र पर पंहुची बुजुर्ग

### मतपेटियां सुरक्षित परिसर में रखी गईं

मतदान समाप्त होने के बाद सभी मतपेटियों को सुरक्षा व्यवस्था के बीच नगर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भवन में बनाए गए सुरक्षित परिसर में रखवाया गया। मतपेटियों की सुरक्षा के लिए प्रशासन की ओर से आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। अब 14 सितंबर को मतगणना के दिन मतपेटियां खुलेंगी और प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला सामने आएगा।



मतदान के बाद डॉ. अंसार खान

### मतदान के बाद हुई बाड़ेबंदी, प्रत्याशियों को बाहर ले गए

मतदान खत्म होते ही भाजपा और कांग्रेस ने अपने-अपने प्रत्याशियों की बाड़ेबंदी कर दी। दोनों दलों की ओर से प्रत्याशियों को एकजुट रखने के लिए उन्हें नगर से बाहर अन्यत्र ले जाया गया। मतदान समाप्त होने के बाद देर शाम से ही प्रत्याशियों को एकत्रित करने की कवायद शुरू हो गई थी। इसके बाद दोनों दलों के प्रत्याशियों को अलग-अलग स्थानों पर ले जाया गया। चुनाव परिणाम तक प्रत्याशियों को एकजुट रखने और किसी भी तरह की राजनीतिक उठापटक की संभावना को रोकने के लिहाज से बाड़ेबंदी को अहम माना जा रहा है। अब भाजपा और कांग्रेस की नजरें चुनाव परिणाम के साथ-साथ नगर पालिका में बहुमत के आंकड़े पर टिकी हैं। 25 वार्डों वाली नगर पालिका में किस दल का बोर्ड बनेगा, इसका फैसला मतगणना के बाद होगा।


### 25 वार्डों में 106 प्रत्याशी मैदान में

बिजौलिया नगर पालिका के कुल 25 वार्डों में चुनाव हुआ। चुनाव मैदान में 106 प्रत्याशी थे। इनमें 25 भाजपा और 25 कांग्रेस प्रत्याशी शामिल रहे, जबकि अन्य राजनीतिक दलों एवं निर्दलीय प्रत्याशियों की संख्या 56 रही। नगर पालिका बनने के बाद यह बिजौलिया का पहला निकाय चुनाव होने के कारण पूरे चुनाव के दौरान राजनीतिक सरगर्मी बनी रही।

# आचार्य पुलकसागर से मिलने 14 सितम्बर को भीलवाड़ा आएंगे आरएसएस प्रमुख भागवत

## श्री पुलकसागर चातुर्मास समिति करेगी भागवत का स्वागत

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



धर्मनगरी भीलवाड़ा में पहली बार चातुर्मास कर रहे प्रखर वक्ता राष्ट्र संत मनोज्ञाचार्य पुलकसागरजी महाराज के दर्शन एवं धर्म चर्चा के लिए 14 सितम्बर को राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत भीलवाड़ा आएंगे। इस बारे में अधिकृत सूचना प्राप्त होने के बाद श्री पुलकसागर चातुर्मास समिति ने तैयारियां शुरू कर दी है। समिति के अध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने बताया कि तय कार्यक्रम के अनुसार आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत सोमवार सुबह 11 बजे आचार्यश्री के प्रवास स्थल शास्त्रीनगर स्थित सूर्यमहल पहुंचेंगे। यहां चातुर्मास समिति द्वारा उनका स्वागत अभिनंदन किया जाएगा। इसके बाद संघ प्रमुख भागवत एवं आचार्य पुलकसागरजी के मध्य करीब एक घंटे विभिन्न धार्मिक,सामाजिक एवं समसामयिक विषयों पर विचार विर्मश होगा। संघ प्रमुख का आगमन तय होने के बाद चातुर्मास स्थल पर विशेष प्रबंध किए जा रहे है ताकि सुरक्षा के मजबूत प्रबंध रहे ओर श्रद्धालुओं को कोई परेशानी भी नहीं हो। गौरतलब है कि श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट, मैन सेक्टर शास्त्रीनगर के तत्वावधान में सकल दिगम्बर जैन समाज की ओर से भीलवाड़ा में चातुर्मास कर रहे आचार्य पुलकसागरजी महाराज अपनी ओजस्वी वाणी एवं क्रांतिकारी विचारों के लिए पूरे देश में विशिष्ट पहचान रखते है ओर सामाजिक,पारिवारिक विषयों एवं राष्ट्र के समक्ष मौजूद चुनौतियों व मुद्दों पर भी वह बेबाक राय रखते है ओर लोगों के विचारों को प्रभावित कर उन्हें धर्म पथ पर चलने के लिए प्रेरित करते है।

# बलिया खेड़ा में तीन घरों में घुसे चोर, गहने, नगदी व बाइक चुराई, बिजली की आंख-मिचौली का चोरों ने उठाया फायदा





भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

( सांवर वैष्णव ):- सवाईपुर क्षेत्र में हो रही अघोषित बिजली कटौती का चोरों ने फायदा उठाते हुए गुरुवार रात्रि को नवगठित ग्राम पंचायत बलिया खेड़ा में चोरों ने एक ही रात में तीन घरों को अपना निशाना बनाया, चोर घरों से सोने चांदी के गहने, नगदी सहित एक बाइक को चुरा कर ले गए, सूचना पर सवाईपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची । रात के समय में हो रही अबिजली कटौती और चोरियां होने पर ग्रामीण में भारी आक्रोश है । प्रार्थी भंवर जाट ने बताया कि गुरुवार रात्रि को चोर दीवार फांदकर घर में घुसे, जहां कमरे में पलंग पर गद्दे के नीचे रखें सोने के मणिया, लोकेट, मादलिया, आधा तोला का मंगलसूत्र, चांदी के पाईजेब जोड़ी, हाथ के कडा, अंगूठी के साथ ही 12 हजार की नगदी को चुरा कर ले गए, वही चोर कमरे से एक लोहे के बक्से को भी चुराकर पास ही खाली पड़े बाड़े में ले गए, जहा बक्से की तलाशी कर कपड़ों को इधर-उधर बिखरे दिया । चोरी के वक्त परिजन घर के बरामदे व छत पर सो रहे थे, वहीं उनके दादा लक्खा जाट दूसरे गांव शोक व्यक्त करने गए थे । चोरी की घटना का पता आज शुक्रवार सुबह चला, जब उठे तो कमरे में सामान बिखरा और ताले टूटे हुए मिले, इसके बाद सवाईपुर चौकी पुलिस को सूचना दी, सूचना पर सवाईपुर चौकी दीवान सोराज चौधरी मौके पर पहुंचे । वही भैरूलाल पिता बद्री जाट निवासी सातोला का खेड़ा ने बताया कि वह अपने ननिहाल बलिया खेड़ा में नाना बद्री जाट के घर के बरामदे में खड़ी बाइक को अज्ञात चोर हेण्डल लॉक को तोड़कर चुरा कर ले गए, इसके साथ ही एक अन्य घर में भी चोर घुसे और कमरे में रखें कपड़े व अन्य सामानों की तलाशी ली, लेकिन यहां चोरों को कुछ नहीं मिला । प्रार्थी भंवर जाट व भैरु जाट ने बड़लियास थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दी ।।

# राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत पशु चिकित्सा एवं पौधारोपण शिविर आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।

जसवंत पारीक




राष्ट्रीय गोकुल मिशन के अंतर्गत शुक्रवार को श्री देव गौ नंदीशाला, खजीना में पशुओं में बांझपन एवं बंध्यता निवारण को लेकर विशेष पशु चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर के साथ ही गौशाला परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

राजकीय पशु चिकित्सालय आकोला के प्रभारी डॉ. अनिमेष जांगिड़ ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य दुधारू पशुओं में बांझपन एवं बंध्यता की समस्या का उपचार, कृत्रिम गर्भाधान को बढ़ावा देना तथा बेहतर नस्ल संवर्धन को प्रोत्साहित करना रहा। शिविर के दौरान गौशाला में मौजूद गायों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा पशुपालकों को पशुओं के स्वास्थ्य, प्रजनन प्रबंधन एवं नस्ल सुधार से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान की गई।

पशु चिकित्सा टीम द्वारा पशुओं की जांच कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार संबंधी मार्गदर्शन दिया गया। शिविर से 27 पशुपालकों के 164 पशु लाभान्वित हुए।

इस अवसर पर श्री देव गौ नंदीशाला परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अफीम आयाम प्रमुख बद्रीलाल जाट, सांवरमल जाट, रामेश्वर जाट, रामपाल जाट, राधेश्याम जाट एवं भंवर सुथार सहित अन्य उपस्थित जनों ने पौधारोपण किया। उपस्थित लोगों ने गौशाला परिसर को हरा-भरा एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

शिविर में राजकीय पशु चिकित्सालय आकोला के प्रभारी डॉ. अनिमेष जांगिड़, रुद्र रजवंत, भीमराज, अम्बालाल, पशु परिचर ओमप्रकाश, कैलाश एवं राधेश्याम सहित पशु चिकित्सा विभाग का स्टाफ उपस्थित रहा।

शिविर के दौरान पशुपालकों को पशुओं की नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित पोषण, प्रजनन प्रबंधन, समय पर कृत्रिम गर्भाधान तथा नस्ल सुधार के महत्व के बारे में जागरूक किया गया।

# भीलवाड़ा में सार्वजनिक बैंकों की एक दिवसीय देशव्यापी हड़ताल, दो हजार करोड़ का व्यवसाय प्रभावित





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।


यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स के आह्वान पर एक दिवसीय देशव्यापी हड़ताल को लेकर शुक्रवार को जिले के समस्त सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में पूर्ण हड़ताल रही। बैंक अधिकारी एवं कर्मचारी पिछले लगभग पाँच वर्षों से पाँच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह लागू करने तथा समान लाभांश आधारित प्रोत्साहन देने की मांग कर रहे हैं। उनकी प्रमुख मांग है कि बैंकों में प्रत्येक शनिवार को अवकाश घोषित किया जाए, जैसा कि भारतीय रिज़र्व बैंक, अधिकांश केंद्र एवं राज्य सरकार के कार्यालयों, भारतीय जीवन बीमा निगम, जनरल इंश्योरेंस कंपनियों तथा कई निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में पहले से लागू है।

इस मांग को लेकर बैंक अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा समय-समय पर अनेक आंदोलन, प्रदर्शन तथा काले बैज पहनकर कार्यालय में कार्य किया गया। किंतु केंद्र सरकार एवं भारतीय बैंक संघ द्वारा अभी तक इस मांग को स्वीकार नहीं किया गया है। यद्यपि भारतीय बैंक संघ द्वारा यह प्रस्ताव काफी समय पूर्व केंद्र सरकार को स्वीकृति हेतु भेजा जा चुका है, लेकिन लंबे समय बीत जाने के बावजूद केंद्र सरकार से स्वीकृति प्राप्त नहीं हो सकी है। इसके कारण बैंकिंग यूनियनों में भारी रोष एवं असंतोष व्याप्त है। हड़ताल के दिन शुक्रवार को सुबह 10:30 बजे, बैंक अधिकारी एवं कर्मचारी स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बसंत विहार शाखा के सामने एकत्रित हुए और प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स से संबद्ध सभी घटक संगठनों के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। इस हड़ताल में जिले की लगभग 130 से अधिक बैंक शाखाओं में कार्यरत सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लगभग 1,500 से अधिक अधिकारी, कर्मचारी एवं अधीनस्थ कर्मचारी हड़ताल पर रहे। हड़ताल के कारण जिले में दो हजार करोड़ रुपये से अधिक का बैंकिंग व्यवसाय प्रभावित होने का दावा किया गया।

# भाद्रपद अमावस्या पर तिलस्वां महादेव मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, अभिषेक-हवन में शामिल हुए भक्त







भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

भाद्रपद अमावस्या के पावन अवसर पर तिलस्वां महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही क्षेत्र सहित दूर-दराज से बड़ी संख्या में शिव भक्त मंदिर पहुंचे। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की।

अमावस्या के अवसर पर मंदिर परिसर में विशेष धार्मिक आयोजन किए गए। मंदिर ट्रस्ट की ओर से भगवान भोलेनाथ का विधिवत अभिषेक किया गया। इसके बाद हवन का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धार्मिक अनुष्ठान में आहुति दी। मंदिर परिसर में दिनभर भक्तिमय माहौल बना रहा और हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा।

श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के दर्शन कर जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना की। अमावस्या के चलते मंदिर में दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया, जो दिनभर जारी रहा। बड़ी संख्या में महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं ने मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की।

मंदिर ट्रस्ट की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर व्यवस्थाएं की गईं। धार्मिक आयोजन के दौरान मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष रमेश चंद्र अहीर एवं सचिव मांगीलाल धाकड़ मौजूद रहे। उन्होंने धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लिया और मंदिर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

भाद्रपद अमावस्या पर तिलस्वां महादेव मंदिर में हुए धार्मिक आयोजनों के चलते पूरा मंदिर परिसर आस्था और भक्ति के रंग में रंगा नजर आया। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के दर्शन कर पूजा-अर्चना के साथ धार्मिक आयोजनों में भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

# श्री पशुपतिनाथ महादेव गौशाला में भामाशाहों का हुआ सम्मान



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

मालोला रोड स्थित श्री पशुपतिनाथ महादेव गौशाला में गोभक्तों एवं भामाशाहों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। गौशाला व्यवस्थापक रवि गुर्जर ने बताया कि बस्सीटा धोबी समाज सेवा संस्थान द्वारा विगत 3 वर्षों से निरंतर श्री पशुपतिनाथ महादेव गौशाला सेवा समिति में गोवंश के लिए हरे चारे का सहयोग प्रदान किया जा रहा है। संस्थान के इस निरंतर समर्पण और सेवा भाव की सराहना करते हुए गौशाला समिति की ओर से सभी गोभक्तों का अभिनंदन किया गया। समारोह के दौरान समिति द्वारा उपस्थित सभी गोभक्तों को दुपट्टा ओढ़ाकर एवं भगवान श्रीकृष्ण-गोमाता की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गौशाला अध्यक्ष हरि (भोजा) गुर्जर सहित प्रबंध समिति के सभी सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।



QUICK BITES

## बिजली गुल होते ही रात में पत्थरबाजी, दो मकानों को बनाया निशाना,ग्रामीणों में दहशत

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

जिले के बागोर थाना क्षेत्र के पीथास गांव में अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा लगातार मकानों को निशाना बनाकर पत्थरबाजी करने से ग्रामीणों में भय और आक्रोश का माहौल है। अंधेरे का फायदा उठाकर की जा रही इन घटनाओं से गांव में हड़कंप मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार, गुरुवार रात करीब 9:40 बजे जैसे ही बिजली गुल हुई, अज्ञात लोगों ने गोपाल चौबे पुत्र स्व. गणपत चौबे के मकान पर बड़े-बड़े पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। अचानक हुई पत्थरबाजी से परिजन व आसपास के लोग सहम गए। घटना की सूचना ग्राम पंचायत प्रशासक छोटू सिंह चुंडावत ने बागोर थाना पुलिस को दी।इसके बाद शुक्रवार तड़के (रात) करीब 12:30 बजे बिजली दोबारा गुल होने पर अज्ञात उपद्रवियों ने हिम्मत सुवालका पुत्र स्व. सोहन लाल सुवालका के मकान की छत को निशाना बनाया और जमकर पत्थरबाज़ी की। एक ही रात में दो अलग-अलग मकानों को निशाना बनाए जाने से ग्रामीणों की नींद उड़ गई है।घटना की सूचना पर बागोर थाना पुलिस शुक्रवार तड़के करीब 2 बजे पीथास पहुंची। पुलिस ने दोनों घटनास्थल का मौका मुआयना कर आसपास के लोगों से पूछताछ की और साक्ष्य जुटाए। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है और दोषियों की पहचान कर जल्द कानूनी कार्रवाई की जाएगी।उधर ग्रामीणों का कहना है कि बिजली बंद होने के सटीक समय पर पत्थरबाज़ी होना किसी सोची-समझी साजिश का हिस्सा लगता है। ग्रामीण बृजमोहन सुवालका सहित क्षेत्रवासियों ने पुलिस प्रशासन से गांव में नियमित रात्रि गश्त बढ़ाने, आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने और गांव में शांति-व्यवस्था बहाल करने की मांग की है।

## गोशाला में मौजूद गायों के स्वास्थ्य की जांच की, पशुपालकों को पशुओं के स्वास्थ्य, प्रजनन एवं नस्ल सुधार से संबंधित आवश्यक जानकारी दी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।




सवाईपुर क्षेत्र के खजीना गांव में श्री देव नंदी गौशाला में शुक्रवार को राष्ट्रीय गोकुल मिशन के अंतर्गत पशुओं में बांझपन एवं बंध्यता निवारण को लेकर विशेष पशु चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान गौशाला में पौधारोपण भी किया गया। डॉ अनिमेष जांगिड़ ने बताया कि शिविर का उद्देश्य दुधारू पशुओं में बांझपन की समस्या का उपचार, कृत्रिम गर्भाधान को बढ़ावा देना तथा बेहतर नस्ल संवर्धन को प्रोत्साहित करना रहा। शिविर के दौरान गोशाला में मौजूद गायों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा पशुपालकों को पशुओं के स्वास्थ्य, प्रजनन एवं नस्ल सुधार से संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई। शिविर में राजकीय पशु चिकित्सालय आकोला के प्रभारी डॉ. अनिमेष जांगिड़ व एलआई रजवंत, भीमराज, अम्बालाल और पशु परिचर ओमप्रकाश, कैलाश, राधेश्याम वेटरनरी स्टाफ मौजूद रहा। पशु चिकित्सा टीम ने गौशाला में पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श भी दिया। शिविर के दौरान 27 पशुपालक के 164 पशु लाभान्वित हुए। इस दौरान अफीम आयाम प्रमुख राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष बद्रीलाल जाट, सांवरमल जाट, रामेशवर जाट, रामपाल जाट, राधेश्याम जाट, भंवर सुथार आदि कई मौजूद रहे।




दिन में परमात्मा की पूजा अर्चना, शाम ढलते ही गूंज रहे भक्ति के स्वर

# पर्युषण के चौथे दिन अंगरचना में भगवान का फूलों से विशेष श्रृंगार

बापूनगर स्थित श्री संभवनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर में पर्युषण पर्व की आराधना

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा,





पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व की आठ दिवसीय आराधना के तहत बापूनगर स्थित श्री संभवनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर में श्रद्धाभाव से पूजा अर्चना के साथ प्रभु भक्ति से ओतप्रोत विभिन्न कार्यक्रम हो रहे है। दिन में भगवान की पूजा अर्चर्ना के तहत कार्यक्रम हो रहे है तो प्रतिदिन रात 8.15 बजे से उपासरे में भीलवाड़ा के प्रसिद्ध गायकों के द्वारा भव्य भक्ति संध्या का आयोजन किया जा रहा है।

पर्युषण के चौथे दिन शुक्रवार को पक्षाल व केसर पुजा के लाभार्थी राजमल-मंजू, अमित-प्रियंका,निधि,पलक्ष सिन्दुरिया परिवार रहा। इसी तरह प्रातःकालीन आरती एवं मंगलदीपक लाभार्थी विजयसिंह ऋषभ कोठारी परिवार रहा। प्रातःकालीन श्री नाकोड़ा भैरव देव एवं पद्मावती माता की आरती के लाभार्थी राहुलकुमार ऋतिक लोढ़ा परिवार रहा। भगवान की अंगरचना लाभार्थी घिसीबाई भंवरलाल, विमल भाई नागौत्रा (सोलंकी) परिवार रहा। संध्याकालीन आरती एवं मंगल दीपक लाभार्थी अशोककुमार आशीषकुमार खाब्या परिवार रहा। संध्याकालीन श्री नाकोड़ा भैरव देव एवं पद्मावती माता की आरती के लाभार्थी सुरेन्द्र,सत्येन्द्र, सिद्धार्थ चौरड़िया परिवार रहा। परमात्मा की पूजा करने वाले बच्चों की प्रभावना के लाभार्थी प्रेमचंद गुगलिया परिवार रहा। अंगरचना में भगवान का फूलों से विशेष श्रृंगार किया गया। अंगरचना बनाने में सहयोग संजय लोढ़ा, जितेन्द्र आंचलिया, दिनेश गोलेछा, साक्षी आंचलिया,संयम कर्णावट, खुशी मेहता, अरिहन्त गोलेछा आदि का रहा। पर्युषण के तीसरे दिन गुरूवार रात में भजन संध्या में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर भगवान की भक्ति की। मंगलाचरण से भक्ति संध्या का आगाज करते हुए संगीतकार संजय भाणावत ने भक्ति की है रात, छाए काली घटाए तो क्या, खुशिया पता पूछती मेरा ढूंढ़ती है घर, नाकोड़ा के पारस नाथ, पलके ही पलके हम बिछाएंगे, ओ तारण हारे नाकोड़ा वाले, साथी हमारा कौन बनेगा जैसे भजनो की प्रस्तुति देकर भक्तों कोभाव विभोर कर दिया। गोविन्द गुरावा ने पद्मावती मैया पधारो आंगणे, नाकोड़ा के भेरू दादा, परमात्मा बनी जासे म्हारी आत्मा भजन गाये। चढ़ावे एवं मंच संचालन कुलदीप गुगलिया ने किया। शनिवार को भगवान के जन्मकल्याणक के अवसर पर भव्य चौदह स्वप्न का भक्तिमय कार्यक्रम होगा। श्री संभवनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर समिति के अध्यक्ष मनीष बाफना ने बताया कि पर्युषण महापर्व में प्रतिदिन सुबह 7 बजे से मंदिर में पक्षाल एवं केसर पूजा एवं परमात्मा की अंगरचना की जा रही है। प्रातःकालीन आरती सुबह 9 बजे से एवं संध्याकालीन आरती रात 8 बजे हो रही है। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने सभी श्रद्धालुओं से पर्युषण पर्व में हो रहे कार्यक्रमों में शामिल होकर कर्मो की निर्जरा करने एवं भक्ति का आनंद लेने का आग्रह किया है।

# तेजा मेले में लोक संस्कृति की गूंज, अलगोजे-ढोल की थाप पर झूमे मेलार्थी; पुलिस व्यवस्था पर उठे सवाल





भीलवाड़ा फोकस @ केकड़ी।

मेहरू कलां गांव में आयोजित तेजा मेले में इस बार लोक संस्कृति और परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिला। मेले में आसपास के कई गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे, जिससे पूरा मेला परिसर जनसमूह से खचाखच भर गया। एक दर्जन से अधिक बिंदोलिया (वर-घोड़ी जुलूस) पहुंचने पर वातावरण पूरी तरह उत्सवमय हो गया और मेले का रंग और भी गहरा गया।

लोक गायकों ने ढोल की थाप और अलगोजे की मधुर धुन के साथ पारंपरिक गायन प्रस्तुत कर मेलार्थियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लोकधुनों और तालियों की गूंज से पूरा मेला परिसर देर तक जीवंत बना रहा। ग्रामीणों ने इस आयोजन का भरपूर आनंद लिया और लोक संस्कृति की इस जीवंत परंपरा की सराहना की।

मेले में ग्रामीण परिवेश की झलक भी साफ नजर आई। जगह-जगह झूले-चकरी, मनिहारी और मिठाइयों की दुकानों की रौनक रही, जहां बच्चों से लेकर बड़ों तक ने खरीदारी और मनोरंजन का आनंद लिया। इन दुकानों ने मेले की रौनक को और बढ़ा दिया और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी गति दी।

मेले में अपार जनसमूह उमड़ने के बावजूद कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस व्यवस्था की कमी और पुलिसकर्मियों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताई, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा तेज हो गई।

वहीं दूसरी ओर मेले में खेलकूद की गतिविधियों के तहत वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें दो दर्जन से अधिक टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पूरा आयोजन जहां सांस्कृतिक, व्यापारिक और खेल गतिविधियों से ग्रामीणों को जोड़ने वाला रहा, वहीं व्यवस्था को लेकर उठे सवाल प्रशासनिक जिम्मेदारियों की ओर भी ध्यान खींचते नजर आए।

# कलेक्टर के निर्देश पर निगम आयुक्त का औचक निरीक्षण, पार्कों में लगे नए झूले और सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देश पर नगर निगम आयुक्त कमल सिंह यादव ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का औचक निरीक्षण कर नागरिक सुविधाओं और सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पार्कों में बच्चों की सुविधा के लिए लगाए गए नए झूलों का भी अवलोकन किया गया।

स्थानीय लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग को देखते हुए नगर निगम की ओर से शहर के प्रमुख पार्कों में नए झूले लगाए गए हैं। मुखर्जी पार्क और सुभाष नगर मेन पार्क में चार-चार, श्रीराम पार्क सुभाष नगर में दो तथा गांधी पार्क, शास्त्री नगर बी सेक्टर पार्क, खाटू श्याम पार्क, महावीर पार्क, गर्ल्स कॉलेज के पीछे स्थित पार्क और न्यू हाउसिंग बोर्ड सेक्टर-4 के पार्क में एक-एक झूला लगाया गया है। नए झूले लगने से पार्कों में आने वाले बच्चों को सुविधा मिलने के साथ स्थानीय लोगों में भी संतोष है।

इसके बाद आयुक्त यादव ने बड़ला चौराहा, सूर्य महल रोड, साबून मार्ग, गंगापुर चौराहा, बापू नगर, लेबर कॉलोनी और शास्त्री नगर सहित कई क्षेत्रों का निरीक्षण किया। कुछ स्थानों पर गंदगी मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई और संबंधित सफाई प्रभारियों को तत्काल सफाई करवाने तथा नियमित रूप से स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान टूटी सड़कों की स्थिति भी सामने आई। आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को टूटी सड़कों की तत्काल मरम्मत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर में सफाई व्यवस्था और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निगम अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं में सुधार सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए।

# थलकलां में रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ





**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।**

महाराणा प्रताप डिफेंस एकेडमी थलकलां की ओर से भगवान श्री देवनारायण मंदिर प्रांगण में आयोजित रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व प्रधान मांडलगढ़ गोपाल मालवीय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस दौरान ग्रामीणों एवं खेलप्रेमियों में खासा उत्साह नजर आया।

गोपाल मालवीय ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को प्रतिभा दिखाने का बेहतर मंच देती हैं। कबड्डी जैसे खेलों से अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व और संघर्ष की क्षमता विकसित होती है। उन्होंने आयोजन के लिए 11 हजार रुपए की सहयोग राशि भी प्रदान की। एकेडमी संचालक राजकुमार मेघवंशी ने कहा कि एकेडमी का उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को खेल, शिक्षा, शारीरिक प्रशिक्षण और अनुशासन के माध्यम से आगे बढ़ने का अवसर देना है। कार्यक्रम में सरथला के पूर्व उपसरपंच जान मोहम्मद, भवानीराम जाट, संजय सारस्वत, घनश्याम पाराशर, हरीश चौधरी सहित कई अतिथि मौजूद रहे। बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं खेलप्रेमियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया।

# मानवता नहीं तो जैनत्व अधूरा, सेवा-संवेदना से ही खुलता है मोक्षमार्ग : युवाचार्य महेन्द्र ऋषिजी

**जहां दर्द देखकर हृदय न पिघले, वहां धर्म अभी बुद्धि तक; सेवा को बताया धर्म का जीवंत स्वरूप पर्युषण का चतुर्थ दिवस**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**पुनित चपलोत**





मनुष्य जन्म मिल जाना सौभाग्य है, लेकिन मनुष्य के भीतर मानवता जाग जाना उससे भी बड़ी उपलब्धि है। केवल जैन परिवार में जन्म लेने से कोई जीवन की ऊंचाई नहीं पा लेता; उसके व्यवहार में करुणा, सेवा, संवेदना और मर्यादा उतरें तभी धर्म जीवन का स्वभाव बनता है। मानवता के बिना धर्म की क्रियाएं शरीर को व्यस्त रख सकती हैं, आत्मा को ऊंचा नहीं उठा सकतीं। ये उद्बोधन श्रमणसंघीय युवाचार्य महेन्द्र ऋषिजी ने शांतिभवन में पर्युषण महापर्व के चतुर्थ दिवस 'जैन जन या सज्जन' विषय पर विशाल धर्मसभा में आराधकों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

युवाचार्यश्री ने चुंदड़ी उपवास की आराधना कर रही महिलाओं को मंगलकामना देते हुए कहा कि ऐसी परंपराओं का वास्तविक महत्व बाहरी स्वरूप में नहीं, उनके भीतर निहित शील और मर्यादा के संदेश में है। जीवन को दीर्घकाल तक आनंदमय और सम्मानपूर्ण बनाए रखने वाली शक्ति मर्यादा ही है। प्रतिभा व्यक्ति को प्रसिद्ध कर सकती है, लेकिन मर्यादा ही प्रतिष्ठा को स्थायी बनाती है। उन्होंने कहा कि परिवार और धर्मसभा की मर्यादाएं बाहरी आग्रह से नहीं, भीतर की सजगता से निभनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि भगवान महावीर ने मनुष्यत्व, धर्मश्रवण, धर्मश्रद्धा और संयम में पराक्रम को दुर्लभ बताया है। मनुष्य तन अनंत यात्राओं और पुण्ययोग के बाद प्राप्त होता है, लेकिन मानव शरीर पा लेना ही पर्याप्त नहीं है। जन बन जाना प्रकृति की उपलब्धि है, सज्जन बन जाना संस्कृति की उपलब्धि। मानव तन तभी सार्थक है जब उसके भीतर मानवता का प्रकाश दिखाई दे। युवाचार्यश्री ने कहा कि ईर्ष्या, लोभ, कपट और अहंकार मनुष्य को भीतर से इतना कठोर बना देते हैं कि धर्म के बीच रहते हुए भी संवेदना सूखने लगती है। पर्युषण का प्रश्न केवल यह नहीं कि हमने कितनी सामायिक, कितने उपवास या कितनी धार्मिक क्रियाएं कीं; यह भी देखना है कि हमारी आराधना ने हमारे भीतर किसी का दर्द समझने की क्षमता बढ़ाई या नहीं। मानवता भीतर नहीं जागी तो मोक्ष की आकांक्षा भी अभी अधूरी है।

उन्होंने दैनिक जीवन और धर्म क्रिया के क्रम का उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे वस्त्र धारण किए बिना केवल आभूषण पहन लेने का कोई अर्थ नहीं, उसी तरह मानवता के बिना धर्म का आभूषण शोभा नहीं देता। मनुष्यता धर्म का आधार है; उसके बिना धर्म श्रवण, श्रद्धा और संयम की साधना भी अपने पूर्ण फल तक नहीं पहुंच सकती। युवाचार्यश्री ने सेवा को धर्म का जीवंत रूप बताते हुए कहा कि सेवा केवल धन देने का नाम नहीं है। किसी दुखी को सहारा देना, पीड़ित को सांत्वना देना, किसी के लिए मंगलभाव रखना और अपनी सामर्थ्य को किसी के जीवन में राहत का कारण बनाना भी सेवा है। जहां दर्द देखकर हृदय नहीं पिघलता, वहां धर्म अभी बुद्धि तक है; हृदय तक नहीं पहुंचा।

उन्होंने कहा कि सेवा में भी अहंकार आ जाए तो उसका सौंदर्य नष्ट हो जाता है। जैसे अच्छा दूध नीचे से जल जाए तो उसकी सुगंध बिगड़ जाती है, वैसे ही 'मैंने किया' का भाव सेवा को दूषित कर देता है। सच्ची सेवा वह है जिसमें हाथ देने वाला हो, पर अहंकार का हस्ताक्षर न हो। सेवा लेने वाले को उपकृत मानने के बजाय उसे सेवा का अवसर देने वाला मानना ही सेवा की श्रेष्ठ भावना है। युवाचार्यश्री ने तीर्थंकरों के लोक कल्याणकारी भाव का उल्लेख करते हुए कहा कि वीतराग अवस्था में भी परमात्मा की देशना जगत के कल्याण के लिए प्रवाहित होती है। मां के वात्सल्य की तरह जहां पीड़ा दिखाई दे, वहां उसे कम करने की सहज प्रेरणा जागे यही अनुकंपा है, यही मानवता है और यही धर्म की जीवंतता है। उन्होंने कहा कि समाज की सबसे बड़ी विडंबना तब होती है जब कठोरता को धर्म और संवेदनहीनता को नियम समझ लिया जाता है। जिस धर्म से मनुष्य का हृदय कोमल न हो, सेवा का भाव न बढ़े और दूसरे की पीड़ा अपनी न लगे, वहां धर्म की आत्मा पर पुनर्विचार आवश्यक है। आत्मार्थ को स्वार्थ बना लेना भी साधना की दिशा को संकुचित कर देता है। युवाचार्यश्री ने कहा कि सेवा मनुष्य को कमजोर नहीं, समर्थ बनाती है। धन, समय, श्रम, वाणी या संवेदना जो भी सामर्थ्य मिला है, उसे लोकमंगल में लगाने से व्यक्ति का ही नहीं, पूरे संघ और समाज का सामर्थ्य बढ़ता है। बाहुबली एवं भगवान ऋषभदेव के पूर्वभव के सेवा प्रसंगों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि निष्काम सेवा जीवन में ऐसी शक्ति जगाती है जिसका फल केवल बाहरी उपलब्धि में नहीं, आत्मिक उत्कर्ष में मिलता है। उन्होंने कहा कि सेवा में बरकत है, क्योंकि उसमें संग्रह नहीं, समर्पण है। जो व्यक्ति अपने सामर्थ्य का उपयोग किसी पीड़ित, असहाय या जरूरतमंद के जीवन में राहत के लिए करता है, वह केवल उसका सहारा नहीं बनता, अपने भीतर की मानवता को भी पुष्ट करता है। उन्होंने कहा कि जैन कहलाना पहचान है, सज्जन बनना साधना है। सज्जनता के बिना जैनत्व अधूरा है। पर्युषण का पुरुषार्थ यही है कि धर्मश्रवण से श्रद्धा, श्रद्धा से संयम और इन सबके भीतर सेवा, संवेदना और सद्भाव जागे। मानवता नहीं आई तो मोक्षमार्ग की पात्रता भी अधूरी रहेगी; मानवता जाग गई तो धर्म क्रिया से उठकर चरित्र बन जाता है। इस अवसर पर पर्युषण आराधना में तप- त्याग का क्रम जारी रहा। हजारों महिलाओं ने सामूहिक रूप से युवाचार्यश्री से चुंदड़ी उपवास के प्रत्याख्यान ग्रहण किए, वहीं बड़ी संख्या में तपस्वी भाई-बहनों ने पांच, चार व तीन उपवास के साथ आयंबिल, एकासन सहित विविध तपस्याओं के प्रत्याख्यान लिए। श्रीसंघ शांतिभवन के संरक्षक नवरतनमल बंब, अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद चीपड़, मंत्री नवरतनमल भलावत एवं चातुर्मास संयोजक कंवरलाल सूरिया ने बताया कि हितमित भाषी हितेंद्र ऋषिजी, यशोदीप्ति मधुकंवरजी, उप प्रवर्तिनी दिव्यज्योतिजी ,महासती सुचेताजी, स्मितभाषी पियुषदर्शनाजी सहित संत-साध्वीवृंद के सान्निध्य में पर्युषण आराधना का क्रम जारी है।शहर के विभिन्न श्रीसंघों से बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता धर्मसभा, तप और साधना से जुड़े हैं। उन्होंने बताया शनिवार को युवाचार्यश्री के विशेष प्रवचन के साथ प्रभु महावीर कल्याण महोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर महिला मंडल की विशेष प्रस्तुति भी होगी। पर्युषण आराधना के क्रम में 15 सितंबर को संवत्सरी महापर्व की आराधना होगी, जबकि 18 सितंबर को आचार्य शिवमुनिजी महाराज का 85वां जन्मदिवस गुणानुवाद, तप-त्याग एवं धर्माराधना के साथ मनाया जाएगा।

# राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत पशु चिकित्सा एवं पौधारोपण शिविर आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**



खजीना राष्ट्रीय गोकुल मिशन के अंतर्गत शुक्रवार को श्री देव गौ नंदीशाला, खजीना में पशुओं में बांझपन एवं बंध्यता निवारण को लेकर विशेष पशु चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर के साथ ही गौशाला परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

राजकीय पशु चिकित्सालय आकोला के प्रभारी डॉ. अनिमेष जांगिड़ ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य दुधारू पशुओं में बांझपन एवं बंध्यता की समस्या का उपचार, कृत्रिम गर्भाधान को बढ़ावा देना तथा बेहतर नस्ल संवर्धन को प्रोत्साहित करना रहा। शिविर के दौरान गौशाला में मौजूद गायों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा पशुपालकों को पशुओं के स्वास्थ्य, प्रजनन प्रबंधन एवं नस्ल सुधार से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान की गई।

पशु चिकित्सा टीम द्वारा पशुओं की जांच कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार संबंधी मार्गदर्शन दिया गया। शिविर से 27 पशुपालकों के 164 पशु लाभान्वित हुए।

इस अवसर पर श्री देव गौ नंदीशाला परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अफीम आयाम प्रमुख एवं राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष बद्रीलाल जाट, सांवरमल जाट, रामेश्वर जाट, रामपाल जाट, राधेश्याम जाट एवं भंवर सुथार सहित अन्य उपस्थित जनों ने पौधारोपण किया। उपस्थित लोगों ने गौशाला परिसर को हरा-भरा एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

शिविर में राजकीय पशु चिकित्सालय आकोला के प्रभारी डॉ. अनिमेष जांगिड़, रू रजवंत, भीमराज, अम्बालाल, पशु परिचर ओमप्रकाश, कैलाश एवं राधेश्याम सहित पशु चिकित्सा विभाग का स्टाफ उपस्थित रहा।

शिविर के दौरान पशुपालकों को पशुओं की नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित पोषण, प्रजनन प्रबंधन, समय पर कृत्रिम गर्भाधान तथा नस्ल सुधार के महत्व के बारे में जागरूक किया गया।

QUICK BITES

## श्री बाण माता शक्तिपीठ पर अमावस्या को दानपात्र खोला

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**



श्री बाणमाता शक्तिपीठ प्रबंध एवं विकास संस्थान की बैठक संस्थान के अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा के सानिध्य में भादूड़ी अमावस्या को आयोजित हुई। बैठक में मंदिर नवनिर्माण कार्यों पर चर्चा करते हुए दान पात्र खोला जिसमें 7 लाख 73 हजार 644 रु की सहयोग राशि प्राप्त हुई । बैठक में शारदीय नवरात्रि की व्यवस्था में टेंट , लाइट डेकोरेशन व पार्किंग के टेंडर दिए गए । इस अवसर पर संस्थान के उपाध्यक्ष अमरनाथ जी, कोषाध्यक्ष कन्हैया लाल धाकड़, महामंत्री अमित कुमार जोशी, प्रमोद कुमार, मोहनलाल धाकड़, प्रमोद कुमार, शंभू सिंह, बालू सिंह, धर्मचंद जैन, लादू लाल कुमावत, भगवत सिंह, हजारीलाल खटिक, रामचंद्र, घीसालाल धाकड़, हीरालाल धाकड़, खाना धाकड़, प्रदीप पोरवाल, धन्ना लाल कुमावत, घीसू सिंह सहीत श्रद्धालु उपस्थित थे ।

## अवैध बजरी खनन पर बड़लियास पुलिस के कारवाई, तीन ट्रैक्टर ट्राली जप्त

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



**( सांवर वैष्णव )**:- बड़लियास थाना पुलिस ने अवैध बजरी खनन रोकथाम को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक के आदेश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार रात्रि को कार्रवाई करते हुए बेड़च नदी से तीन ट्रैक्टर ट्राली का जप्त कर मामला दर्ज किया । थाना प्रभारी जसवंत सिंह ने बताया कि अवैध बजरी खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार रात्रि को बेड़च नदी चंवरा के हनुमान जी के पास संगठित होकर अवैध बजरी परिवहन करते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली को जप्त कर थाने लाकर खड़ा किया । वही मामला दर्ज कर जांच शुरू की । पुलिस की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र के बजरी माफियों में खलबली मच गई । इस कार्रवाई में दीवान सांवलदान, कांस्टेबल संदीप व शंकर लाल शामिल रहे ।।

## जलझूलनी एकादशी को लेकर कोटड़ी में उत्साह, श्री चारभुजा नाथ के लिए भेंट किए बेवान

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी, प्रतापगढ़।**



जलझूलनी एकादशी को लेकर प्रतापगढ़ जिले की अरनोद तहसील के कोटड़ी गांव में धार्मिक उत्साह का माहौल है। महाभारत कालीन दशावतारी भगवान श्री चारभुजा नाथ मंदिर में जलझूलनी एकादशी के अवसर पर ठाकुरजी के बेवान में विराजमान होकर नगर भ्रमण करने की प्राचीन धार्मिक परंपरा है। इस परंपरा को भव्य स्वरूप देने के लिए भीलवाड़ा के श्री कोटड़ी श्याम पदयात्रा संघ की ओर से श्री चारभुजा नाथ मंदिर एवं श्री राम-जानकी मंदिर को सागवान की लकड़ी से निर्मित दो आकर्षक नक्काशीदार बेवान श्रद्धापूर्वक भेंट किए गए।

बेवान भेंट करने के अवसर पर अंबा माता मंदिर परिसर में धार्मिक सभा एवं स्वागत समारोह आयोजित किया गया। व्याख्याता श्री नारायण गुर्जर के नेतृत्व में भीलवाड़ा से पहुंचे भक्त मंडल का कोटड़ी के ग्रामीणों ने साफा बंधवाकर एवं ऊपरना पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान भक्तों को भगवान श्री चारभुजा नाथ की तस्वीर स्मृति-चिह्न के रूप में भेंट कर अभिनंदन किया गया।

इसके बाद गांव में भव्य जुलूस एवं शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं ने भगवान के बेवान तथा भीलवाड़ा से आए भक्तों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। भगवान के जयघोष से पूरा नगर भक्तिमय हो उठा।

मंदिर पहुंचने के बाद भगवान श्री चारभुजा नाथ की महाआरती की गई और श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। ग्रामीणों ने कहा कि भगवान के लिए बेवान अर्पित करना भक्ति, सेवा और धार्मिक समरसता का अनुकरणीय उदाहरण है। उल्लेखनीय है कि भीलवाड़ा के प्रसिद्ध कोटड़ी श्याम मंदिर की धार्मिक परंपरा की तरह ही प्रतापगढ़ जिले के कोटड़ी गांव स्थित महाभारत कालीन दशावतारी श्री चारभुजा नाथ मंदिर में भी जलझूलनी एकादशी पर ठाकुरजी को बेवान में विराजमान कर नगर भ्रमण कराया जाता है। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान के दर्शन कर धार्मिक आयोजन में शामिल होते हैं।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।